जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें **विशेषण** कहते हैं।

विशेषता बताने वाले हिंदी के कुछ शब्द इस प्रकार हैं–

पीला	नमकीन	मोटा	आलसी
काला	कड़वा	छोटा	मेहनती
हरा	खट्टा	पतला	गरीब
सफेद	ठंडा	लंबा	दानी

हमने सीखा

- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे विशेषण कहलाते हैं।
- विशेषता बताने वाले शब्द कैसा या कितना के बारे में जानकारी देते हैं।

आओ अभ्यास करें

1. नीचे दिए गए चित्र की सही विशेषता पर गोला ◯ बनाइए–



बड़ा　　(छोटा)　　बूढ़ा



(मीठे)　　नमकीन　　काले




पीला　　(लाल)　　सफेद



गरम　　(ठंडी)　　कड़वी

2. सही जोड़े बनाकर लिखिए–



हरी घास

कड़वा करेला

वीर सैनिक

ठंडी आइसक्रीम

लंबी सड़क





3. खाली जगहों में सही विशेषण शब्द भरिए–

थोड़ा · अच्छा · चार · चटपटी · हरी

क. मेरे घर में चार कमरे हैं।

ख. बकरी हरी घास खा रही है।

ग. मैंने चटपटी चाट खाई।

घ. अंकुश अच्छा लड़का है।

ङ गिलास में थोड़ा पानी ले आओ।

